nandgaon times sep--20-02.qxd 9/19/2024 10:23 PM Page 1

शिक्षक सम्मान शासकीय प्राथमिक शाला... पृष्ठ 2 | विघ्नहर्ता की विसर्जन झांकी के... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 20 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 336, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# मुख्यमंत्री जनदर्शन : सीएम साय ने सुनी लोगों की फरियाद



**रायपुर।** हर बार की तरह गुरुवार को सीएम हाउस में आयोजित 'मुख्यमंत्री जनदर्शन' में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के दूर-दराज से रायपुर पहुंचे लोगों की समस्यायें सुनीं। सीएम ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनने के बाद मौके पर ही तुरंत निराकरण भी किया। गरीब और असहाय लोगों को मौके पर सहायता राशि चेक देने के साथ ही दिव्यांगों को टायसिकल प्रदान की गई। मूकबधिर लोगों को श्रवण यंत्र भी दिया गया। रायपुर के गुढ़ियारी के रमण मंदिर वार्ड से आए रोशन साहू ने बेटे के इलाज के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 8 साल का लक्ष्य एस्ट्रॉफी ऑफ़ ब्लैडर बीमारी से पीड़ित है इसके इलाज के लिए वह हर जगह गए। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, लेकिन उन्होंने इलाज की पूरी कोशिश की। जब इस बात की जानकारी मिली कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल में ऑस्ट्रेलिया फाउंडेशन की ओर से इस बीमारी का मुफ्त इलाज होता है तो वे वहां भी गए, लेकिन वहां बताया गया कि अहमदाबाद इसके लिए नियमित रूप से जाना पड़ेगा। रोशन ने बताया कि खराब आर्थिक स्थिति की वजह से अहमदाबाद जाने में काफी खर्च होता है। ऐसे में प्रदेश मुख्यमंत्री को आवेदन देने आए हैं। उनकी समस्या सुनकर मुख्यमंत्री ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया कि बच्चे की बीमारी के इलाज की उचित व्यवस्था की जाये तथा इलाज में आ रही दिक्कतों को दूर करें। मुख्यमंत्री ने पिता को ढाढ़स बांधा । लक्ष्य के पिता ने मुख्यमंत्री के सहृदयता को देख उनका जनदर्शन में बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सागर देवांगन को कृत्रिम हाथ लगाया जाएगा। जनदर्शन में सागर द्वारा अपनी समस्या साझा किए जाने पर मुख्यमंत्री ने तुरंत समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को उसके लिए कृत्रिम हाथ तैयार करवाने के निर्देश दिए। माना कैंप स्थित पीआरआरसी में सागर के हाथ का नाप लेकर कृत्रिम अंग तैयार किया जाएगा। दुर्ग के बजरंग नगर में रहने वाले 29 साल के सागर देवागंन केबल कनेक्शन का काम करते थे। दो साल पहले केबल लगे खंबे में करेंट की वजह से उनका एक हाथ और सीना जल गया। डॉक्टरों को कोहनी के पास से उनका एक हाथ काटना पड़ा। उसकी पत्नी दूसरे के घरों में काम कर मुश्किल से अपने पति ओर दो छोटे बच्चों का खर्चा चला रही है। सागर ने आज जनदर्शन में मुख्यमंत्री साय से मिलकर अपनी समस्या बताते हुए कृत्रिम अंग प्रदान करने का अनुरोध किया था। सीएम के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग को जल्द से जल्द उसके लिए कृत्रिम अंग तैयार करवाने के निर्देश दिए गये हैं। सरायपाली निवासी युवा अनुज सिंह ने मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या बताई। मुख्यमंत्री को अनुज ने बताया कि उसने बीटेक की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण लिया था। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिता एक दुकान में काम करते हैं, जिन्हें बहुत कम वेतन मिलता है। इस वजह से वह शिक्षा ऋण नहीं चुका पा रहा है। अब बैंक की ओर से उससे शिक्षा ऋण की राशि की वसूली प्रक्रिया अपनाई जा रही है। अनुज की समस्या को मुख्यमंत्री ने बड़ी गंभीरता से सुना और उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि हम आपकी मदद जरूर करेंगे। पहले आप स्थानीय स्तर पर कलेक्टर से मिलकर उनके समक्ष अपनी बात रखें। यदि किसी कारण से स्थानीय स्तर पर निराकरण नहीं हो पाया तो स्वेच्छानुदान राशि देकर आपकी सहायता करेंगे। मुख्यमंत्री साय की बात सुनकर युवा अनुज की चेहरे पर मुस्कान आ गई। अनुज ने बताया कि बैंक की ओर से वसूली प्रक्रिया शुरू करने से वह और उसका परिवार बहुत व्यथित है। आज मुख्यमंत्री साय ने उसकी मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय के हाथों बीजापुर के रहने वाले राजूराम वाचम को जनदर्शन में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिली। वे कंप्यूटर ट्रेड में आईटीआई कर रहे हैं। पोलियो के कारण चलने उन्हें दिक्कत होती है। मुख्यमंत्री से मिल कर उनकी यह तकलीफ अब काफी हद तक आसान हो गई है। इससे राजू राम काफी खुश है। अब उनके लिए हीरापुर आईटीआई का 11 किलोमीटर का सफर आसान हो जाएगा। दरअसल राजूराम बीजापुर के रहने वाले हैं। जन्म के तीन वर्ष बाद ही उन्हें पोलियो हो गया था। बीजापुर से बारहवीं तक की पढ़ाई करने के बाद आईटीआई करने रायपुर आए हैं। रायपुर में राजूराम सुंदरनगर में रहते हैं, जहां से हीरापुर आईटीआई की दूरी 11 किलोमीटर है। राजूराम ने पिछले जनदर्शन में मोटराइज्ड ट्रायसायकल के लिए मुख्यमंत्री को आवेदन दिया था। मुख्यमंत्री ने राजूराम को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान करने की तत्काल स्वीकृति दे दी थी। जिसके तहत आज राजूराम को मोटराइज्ड ट्रायसायकिल प्रदान की गई। दिव्यांगजनों की समस्या को सुनते हुए त्वरित राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने केरपे (बीजापुर) निवासी राजूराम वाचम (21 वर्ष) और लीलाशंकर साहू (37 वर्ष) निवासी भेंडरवानी (धमतरी) को बैटरीचलित वाहन, मोहम्मद रसीद कुरैशी (69 वर्ष) निवासी रायपुर को व्हीलचेयर, इंद्रसेन गोस्वामी (27 वर्ष) निवासी बेलसर (बलरामपुर) को एल-बो क्रेच एवं विवेक शर्मा (37 वर्ष) निवासी भनपुरी रायपुर को वॉकर प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जनदर्शन में दूर-दराज से प्रदेश के सभी जिलों से आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जनदर्शन में आए लोगों की सुविधा को लेकर मुख्यमंत्री ने स्वयं निर्देश दिए हैं।



मिले चेक और ट्रायसिकल, तो किसी को मिला कृत्रिम हाथ



## स्मरणीय गणेश विसर्जन परंपरा कायम रखने शहरवासियों को डॉ. रमन की बधाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में भगवान गणेश के विसर्जन की ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखने के लिये स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहरवासियों को परम्परा के संवाहक गणेश उत्सव समितियों को तथा चुस्त-दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को बधाइयाँ व शुभकामनाएं दी है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ.रमन सिंह ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि के देवता है वे विघ्न विनायक है तथा प्रत्येक कार्य के प्रारंभ में भगवान गणेश की ही पूजा की जाती है, यह हमारी महान भारतीय परम्परा है उस पर संस्कारधानी राजनांदगांव की परम्परा पिछले अनेक दशकों से प्रदेश व देश में जानी व पहचानी जाती है। इस वर्ष तो सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक परम्परा को और बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत कर परम्परा पर चार-चाँद लगा दिये। पूरे विसर्जन झॉकी के दौरान शांति बनी रही झॉकी के दर्शक बड़े उत्साह के साथ झॉकी के समीप आकर उसकी बारीकियों का लुत्फ उठाते रहे। न की जाम न कहीं अव्यवस्था न कही अराजकता यही राजनांदगांव के गणेश विसर्जन की खासियत रहीं है, जिसे शहरवासियों, गणेश उत्सव समितियों व प्रशासन ने सूझबूझ व आपसी सामंजस्य का परिचय देते हुये पूरा किया। नि:संदेह सारे पक्ष बधाई के पात्र है, वे हृदय से इस स्मरणीय परिपाटी को कायम रखने के लिये सभी का आभार व्यक्त करते है।

## निर्विघ्न विसर्जन झांकी व्यवस्था के लिए बाल समाज ने जताया आभार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की परंपरा के अनुरूप श्रीगणेश विसर्जन झांकी निर्विघ्न संपन्न होने के लिए झांकी की व्यवस्था



में जुटे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम का बाल समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शहर के सबसे पुरानी गणेश उत्सव समिति बाल समाज द्वारा शुरू की गई विसर्जन झांकी की परंपरा को बनाए रखने के लिए बेहतर व्यवस्था करने को लेकर समिति के लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल का आभार जताया, तो वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी मोहित गर्ग को झांकी में बेहतर पुलिस बंदोबस्त और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया। समिति के लोगों ने कहा कि पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते निर्विघ्न विसर्जन झांकी शहर में संपन्न हुई। वहीं बाल समाज समिति के लोगों ने शहर में निकलने वाली विसर्जन झांकी को लेकर नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर बाल समाज के अध्यक्ष दामोदरदास भूतड़ा दामू, बिसन अग्रवाल, नंदू भूतड़ा, कैलाश राठी, नीरज माहेश्वरी, मुन्ना अग्रवाल, सिद्धार्थ मित्तल आदि उपस्थित थे।

**जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का अभिवादन**

समिति के लोगों ने शासन, प्रशासन का आभार जताते हुए राजनांदगांव की इस गौरवशाली परंपरा को कायम रखने के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं के प्रति खुशी जाहिर है और विसर्जन झांकी निर्बाध संपन्न करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे सहित सभी जनप्रतिनिधियों और शहर के नागरिकों के मिले सहयोग के प्रति कृतज्ञ व्यक्त की है।

## डीजे बैन के बाद भी निकाली गई झांकियां पर्युषण पर्व संपन्न, आत्म आराधना में लीन रहे श्रावक

### निज आत्मा में लीन होना ही उत्तम ब्रह्मचर्य, पालकी महोत्सव, क्षमावाणी पर्व एवं सम्मान समारोह सम्पन्न



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन मंगलवार 17 सितंबर को विविध धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से हो गया।अब 19 सितंबर को नगर में श्रीजी की भव्य पालकी निकलेगी तथा क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी दिन रात्रि में जैन मंदिर में त्यागी तपकर्ताओ का आत्मीय सम्मान समारोह व पुरुस्कार वितरण एक गरिमामयी आयोजन में किया गया। दिगम्बर जैन समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि जैन धर्मावलंबियों ने आत्म आराधना के पर्वराज पर्युषण पर दस धर्मों का पालन नियम तथा हर्षोल्लास के साथ किया हैं। पर्युषण पर्व के दसवें और अंतिम दिन जैन मंदिर आदि में पूजन ,अभिषेक और भव्य आरती हुई, इसमें बच्चों और बड़ों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जैन ने बताया कि क्षमावाणी पर्व में विगत में हुई भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगते हैं तथा अपना मनोमालिन्य दूर कर फिर सद्भाव तथा सौहार्दपूर्वक संबंध निर्वहन करते हैं। आज 12वें तीर्थंकर देवाधिदेव वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व, अनंत चतुर्दशी पर्व तथा दसवां पर्व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म विधि विधान से मनाया गया। 'उत्तम' ब्रह्मचर्य' का अर्थ है निजात्मा और 'चर्य' का अर्थ है आचरण करना या लीन होना। अत: ब्रह्मचर्य से तात्पर्य निज आत्मा में लीन होना। उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावे, नरसुर सहित मुक्ति फल पावे'। ब्रह्म के मायने हैं ऐसी आत्मलीनता जिसमे बाहर के पदार्थों के प्रति कोई आसक्ति ना रह जाए। शशांक शास्त्री ,सांगानेर अपने प्रवचन में कहा कि जब हम आत्म स्वभाव से परिचित होते है, विषयों के प्रति अनासक्त में होते है और देहासक्ति से ऊपर उठ कर आत्मानुराग से भर जाते है तो यही सही मायने में ब्रह्मचर्य है। मन की मलिनता को हटाने के लिए हमें ये चार उपाय करना चाहिए: स्वस्थ मानसिकता, पांचों इंद्रियों पर संयम, कल्याण मित्र का संसर्ग और भगवान की भक्ति।इन उपायों के माध्यम से हमारे मन के विकार दूर होंगे और हम अपने जीवन को अच्छा बना सकेंगे। नगर के जैन समाज में पर्युषण पर्व में 42 लोगो 10 दिन का उपवास भी किया । जिसमे प्रियंका, रचना, दीपा, सुलेखा, मंजरी, श्वेता, पदमा, अंकिता, किरण, शालिनी, अनुश्री, ज्योत्सना, पलक, दीपांशी, माही, लक्ष्या, शुभम, सजल, श्रुत, अर्हम, अंशुल, नेहा, अभिलाषा, श्वेता, श्रद्धा, विजेता, गरिमा, हार्दिक, ऋषिका, चहक, दृष्टि, इत्यादि । आज नगर में पर्युषण पर्व के समापन में समाज के सभी वर्ग के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई । जिसमें जगह जगह विभिन्न समुदाय द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया । शोभायात्रा में विशेष रूप से समाज के सभी वरिष्ठ जन , महिला वर्ग , बालिका बर्ग , परुष वर्ग, युवा वर्ग, व कमेटी के देशराज जैन , अरुण जैन, जिनेन्द्र जैन, राजकुमार जैन, विमल जैन, सतीस जैन लल्ली, प्रमोद जैन, धर्मेंद्र जैन, संजय जैन, रमेश जैन राही, राकेश जैन, प्रशांत जैन, गौरव जैन इत्यादि सभी उपस्थित थे ।

## कार्यकर्ताओं के समस्या निरावरण हेतु मधुसूदन यादव को कैबिनेट मंत्री देवांगन के साथ मिला साझा दायित्व



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव प्रदेश भाजपा संगठन की तरफ से सौंपे गये एक महत्वपूर्ण दायित्व के कारण गुरूवार 19 सितंबर को दिनभर रायपुर प्रवास पर रहे और देर शाम तक प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ कार्यकर्ताओं की समस्याएँ सुनकर उनका समाधान किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश आलाकमान द्वारा पूर्व सांसद मधु को दिनांक 19 सितंबर को बीजेपी प्रदेश कार्यालय रायपुर स्थित सहयोग केन्द्र में कार्यकर्ताओं को सुनने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जी के साथ उपस्थित रहने के लिये निर्देशित किया गया था। बीजेपी छत्तीसगढ़ से प्राप्त उक्त पत्र में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु को दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 02 बजे से शाम 5 बजे तक माननीय लखनलाल देवांगन, मंत्री श्रम, वाणिज्य एवं उद्योग छ.ग.शासन के साथ रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संयुक्त रूप से उपस्थित रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं के समस्याओं, दु:ख, तकलीफों को सुनने, समझने एवं उनका समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये गये थे। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि प्रदेश संगठन द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन की कुशल संगठनात्मक प्रबंधन क्षमता एवं शासन-प्रशासन स्तर पर समस्याओं के निराकरण के पूर्व अनुभव के दृष्टिगत उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके साथ साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन की पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं के बीच व्याप्त लोकप्रियता, उनका सहज एवं सरल स्वभाव, मृदुभाषिता एवं समस्याओं के मूल कारण को समझकर त्वरित निराकरण की खूबी के चलते संगठन द्वारा उनका उपयोग संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के समस्या उन्मूलन कर आगामी चुनाव के परिपेक्ष्य में कार्यकर्ताओं में नई उमंग एवं ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से किया गया है।

## बाल रत्न मंच के पंडाल में पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग ने किए जगन्नाथ महाप्रभु के अलौकिक दर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बाल रत्न मंच गणेश उत्सव समिति के संयोजक संदेश जैन प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि सेवा ही उद्देश्य को लेकर कार्य करने वाली नगर की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के 31 वे गणपति आयोजन में सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए मेरी संस्कृति मेरा आधार पर 11 दिवसीय आयोजन किए गए सनातन संस्कृति की अलख जगाने के लिए अभिषेक महापूजा हवन महा आरती में विश्व कल्याण मंगल कामना सनातन संस्कृति सिखाती है दीपोत्सव में जन जन ने दीप जलाकर सनातन की अलख जगाई , विशाल रक्तदान शिविर में परमार्थ का संकल्प 68 यूनिट रक्तदान किया जिए और जीने दे , 31 वे भंडारा आयोजन में पधारे लगभग 3500 भक्तों का पूजा प्रभारी महेश शर्मा एवं लोकेश अग्रवाल द्वारा केसर युक्त चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया भंडारा आयोजन के मुख्य अतिथि माननीय मधुसूदन यादव पूर्व सांसद , विशिष्ट अतिथि माननीय जितेंद्र मुदलियार पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग छत्तीसगढ़ शासन , माननीय शरद अग्रवाल अध्यक्ष चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजनंदगांव ,अर्पण खंडेलवाल अध्यक्ष खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन ने महाप्रसाद वितरण कर शुभारंभ किया भंडारा में झूठ ना छोड़ने का आवाहन आयुष शर्मा श्रेयांश जोशी ने विनम्रता पूर्वक निवेदन किया भंडारा प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों ने इस पहल का स्वागत करते हुए सहर्ष साथ निभाया । गणपति महोत्सव आयोजन में मुख्य रूप से सांसद संतोष पांडे द्वारा भगवान गणपति एवं जगन्नाथ प्रभु की आरती उतार कर नगर कल्याण की कामना की व आशीर्वाद प्राप्त किया सनातन की अलख जगाने हेतु संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी माननीय पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव जी ने कहा की प्रभु जगन्नाथ की दिव्य



मनमोहक छवि ने मन मोह लिया आपकी संस्था 31वर्षों से धार्मिक सामाजिक एवं मानव मात्र की सेवा में समर्पित रहती है , जितेंद्र मुदलियार ने अपने उद्बोधन में कहा कि निहस्वार्थ सेवा की मिसाल बाल रत्न मंच सेवा समिति संस्कारधानी को गौरवानवित करती है । राजनांदगांव कलेक्टर माननीय संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग विशेष रूप से पंडाल परिसर पहुंचकर भगवान गणपति के बाल स्वरूप एवं जगन्नाथ महाप्रभु के दिव्य मनमोहक छवि के दर्शन किए संस्था की ओर से कलेक्टर महोदय का स्वागत नीतीश अग्रवाल , एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्य राहुल अग्रवाल ने दुपट्टा पहनाकर किया माननीय कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य छवि के अलौकिक दर्शन पाकर जीवन धन्य हुआ आपकी संस्था अनेक वर्षों से सेवा ही उद्देश्य को लेकर सेवा कार्यों में लगी रहती है आपकी गौ सेवा रथ दो रोटी योजना गौ सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही है सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में आप जो कार्य कर रहे हैं वह प्रेरणादाई है। राजनंदगांव एसपी मोहित गर्ग कहां की भारतीय संस्कृति के अनुरूप आपकी गणपति उत्सव की सेवा अनुकरणीय है आपकी संस्था का परोपकार का भाव अटूट हैं आपकी संस्था देवदूत की भूमिका निभा रही है शहर की प्रतिष्ठित फर्म कालीचरण गुप्ता की दुकान की सबसे वरिष्ठ सदस्य 103 वर्षीय दादी श्रीमती जमुना देवी गुप्ता ने देर रात पंडाल पहुंचकर जगत के नाथ जगन्नाथ महाप्रभु की गोद में विश्राम करते हुए भगवान गणपति के मनमोहक बाल स्वरूप एवं जगन्नाथ महाप्रभु की अलौकिक छवि के दर्शन किए एवं संस्था सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया संस्था की ओर से दादी का स्वागत संस्था के वरिष्ठ सदस्य मयंक , एवं अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने किया बाल रत्न मंच के पंडाल में शहर के सामाजिक धार्मिक , महिला मंडल , एवम अन्य अन्य संस्थाओं , पत्रकार गण जन सामान्य का ताता लगा रहा एक सप्ताह प्रतिदिन भंडारा प्रतिदिन पूरे पंडाल परिसर में गणपति बप्पा मोरिया जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ भूखे को अन्न प्यासे को पानी यही भगवान भगवान जगन्नाथ की वाणी गूंजायमान रहा हजारों की संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने प्रतिदिन जगन्नाथ महाप्रभु के दिव्य दर्शन कर अपने को धन-धन्य किया बाल रत्न मंच गणपति उत्सव के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एवं सचिव रोहित शर्मा , कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल ने सम्मानित संरक्षक , वरिष्ठ सदस्यों कार्यकारिणी तन मन धन एवं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से गणपति उत्सव में सेवा देने वालों एवं उपस्थित संस्कारधानी वासियों का अपार प्रेम के लिए धन्यवाद आभार जताया व अंत में भगवान गणपति एवं जगन्नाथ महाप्रभु को दंडवत होकर प्रणाम किया।

# शिक्षक सम्मान शासकीय प्राथमिक शाला टोलागॉव में प्रधान पाठक भजन साहू द्वारा आयोजन किए गए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला टोलागॉव,संकुल केन्द्र बांधा बाजार 1 ,विकास खंड अम्बागढ़ चौकी ,जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन प्रधान पाठक भजन साहू एवं शाला समिति समस्त ग्रामवासी टोलागॉव द्वारा किया गया । सितम्बर को हमारे देश के दूसरे राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सुसंस्कृत करना, सद्गुणों से युक्त करना एक अच्छे शिक्षक का उत्तरदायित्व है। किसी भी राष्ट्र का आधार उस राष्ट्र का युवा वर्ग होता है। अगर युवा वर्ग को माता-पिता और गुरु द्वारा सही मार्गदर्शन मिले तो वह राष्ट्र की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। प्रधान पाठक भजन साहू का सोच है एक भावी नागरिक का निर्माण करना आदर्श शिक्षक के हाथ में है। माता-पिता के बाद अगर किसी का स्थान है तो वह गुरु का है। शिक्षक दिवस मनाने का तात्पर्य है कि शिक्षक और शिष्य को अपने-अपने कर्तव्य का बोध हो। गुरु की शिष्य के प्रति कैसी भावना होनी चाहिए और शिष्य की गुरु के प्रति कैसी श्रद्धा होनी चाहिए, इन सबका बोध कराने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। आज की शिक्षा पद्धति में नैतिक मूल्यों का समावेश न होने के कारण शिक्षक और शिष्य दोनों अपने लक्ष्य से विमुख हो गए हैं। शिक्षक का शिष्य के प्रति कोई लगाव नहीं है और शिष्य के मन में भी गुरु के प्रति कोई आदर सत्कार की भावना नहीं है। ऐसी मूल्यविहीन शिक्षा पद्धति से देश का नुक्सान हो रहा है। गुरु देवो भव:ज् के आदर्श को मानने वाले देश में शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए



किसी एक दिन की जरूरत नहीं बल्कि उनका आदर तो हमेशा करना चाहिए। 5 सितम्बर का दिन हमारे शिक्षकों के लिए समर्पित है। इस दिन हमें उन सभी का हार्दिक धन्यवाद करना चाहिए जिनसे जीवन में कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है जिनकी छत्रछाया में बैठकर जीवन निर्माण की शिक्षा ली है। अध्यापक हमारे जीवन में उस सूर्य के समान हैं जिसके ज्ञान रूपी प्रकाश से हम अपने जीवन को हमेशा प्रकाशित कर सकते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों का कर्तव्य बनता है कि वे अपने अध्यापकों का एक दिन के लिए नहीं अपितु जीवन भर सम्मान करें क्योंकि गुरु के द्वारा ही उसने जीवन में सफलता को प्राप्त किया है। शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए किसी एक दिन की जरूरत नहीं इसलिए राज्यपाल सम्मानित शिक्षक नीलकंठ कोमरे सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला सीरलगढ़ ,सेवानिवृत्त शिक्षक रूपलाल परिहार उच्च वर्ग शिक्षक माध्यमिक शाला ब्राह्मण भेडी व दयाशंकर नंदेश्वर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला डोंगरगांव का भव्य स्वागत पुष्प गुच्छ ,शॉल एवं मोमेंटो प्रधान पाठक भजन साहू,शिक्षिका रूपेश्वरी साहू सहायक शिक्षक एवं समस्त ग्राम वासी द्वारा भेंट कर सम्मानित किए गए। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में ग्राम के प्रथम नागरिक रुक्मणी उईके सरपंच ग्राम पंचायत ब्राह्मण भेडी एवम छतीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक अम्बागढ़ चौकी के अध्यक्ष देव कुमार यादव ,तुलसी अम्बादे, राजेश्वर साहू,तामेश्वर साहू,अरुण यादव छबील उइके , प्रदीप साहू संकुल समन्वयक बांधा बाजार 1 उद्दल सलामें,संकुल समन्वयक बांधा बाजार 2 सोहन कोमरे,राजू निर्मलकर नीलकंठ कोमरे,गणेश राम सोनवानी, रामचंद्र निर्मलकर,अशोक सेवता, अंजोरी राम कोमरे,योगेश्वरी सेवता,अनिता सेवता,रूखमणी सोनवानी, ओमप्रकाश कोमरे देव सिंह सोनवानी, रामप्यारा सोनवानी,नेहा कोमरे,चांदनी कोमरे,यशवंत निर्मलकर शाला समिति एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थिति थे।

# सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत कार्यालय आयोजित की रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।**यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत छुरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 19.09.2024 को किया गया। इस कार्यालय में अनेक ग्रामों से जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आमजनों के द्वारा बढ-चढ़ कर रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर जनपद पंचायत छुरिया के जनप्रतिनिधि के द्वारा भी रक्तदान किया गया। प्रधानमंत्री महोदय जी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से प्रभावित लोगों में रक्तदान के प्रति काफी जागरूकता दिखाई दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामजी भारती भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेंश पटेल, अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव, विशेष अतिथि गीता साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री एम.डी.ठाकुर वरिष्ठ नेता, रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा महामंत्री, मूलचंद लोधी जी, जिला संयोजक, महेंद्र वैष्णव, हीरेंद्र साहू, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री एकांत चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत, जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी साहू, भुपेन्द नायक, देवारू मालेकर, बोधन साहू मंडल अध्यक्ष कुमर्दा, रोमी भाटिया, चित्रांगन साहू, रघुवीर वाधवा, अनिरुद्ध चंद्राकर, आलोक मिश्रा, खेमचंद साहू नागेश यदु, कांतिलाल साहू हिरेन्द्र साहू राधेश्याम शर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामजी भारती ने कहा कि मोदी जी के सेवा भावना से हम सब भारतवासी ओतप्रोत है। मोदी के विकसित भारत के संकल्पों के लेकर हम सब सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा भाव से रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, विद्यालयों की साफ सफाई, साथ-साथ आमलोगों में जागरूकता लाने मोदी जी के मिशन में आगे बढ़ रहे है। साथ ही गीता साहू एवं मूलचंद लोधी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दी, आभार व्यक्त जनपद सी.ई.ओं शिल्पा देवांगन ने किया। उपरोक्त शिविर में रक्तदान करने वाले प्रमुख रूप से रविन्द्र वैष्णव, एकांत चंद्राकर, हिरेन्द्र साहू, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, मनीष त्रिपाठी, बोधन साहू, मनोज साहू, हिरेन्द्र साहू, भगवानदास साहू, गायत्री चंद्रवंशी, सहित 59 लोगों के द्वारा रक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में मयाराम साहू, धन्ना यादव, नैनसिंह पटेल, अशोक मरकाम, मनीष त्रिपाठी, शिशुपाल साहू, हनीफ कुरैशी, पदमभूषण साहू, खिलेन्द्र साहू, दिनदयाल साहू, सुमित मंडावी, नूनकरण भुआर्य मालती उइके, संगीता यादव, बेलाबाई साहू द्रोपती उइके, ओमप्रकाश साहू, दिग्विजय साहू, विष्णुसाहू, कौशल चंद्रवंशी, दिग्विजय मिश्रा, अनंत निवारी, राजकुमार सिन्हा, कुंदन बड़ोले, महेश साहू, मुकेश साहू, नवीन साहू, तीजूसाहू, प्रीतम साहू, अशोक सेन, मेडिकल स्टाफ बी.एम.ओ. उमेश भगत, सी.डी.पी.ओं. कमलवती मरकाम, जनपद पंचायत के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। गणेश विर्सजन करने जाती एक भक्त

# जनपद पंचायत कॉम्प्लेक्स की नीलामी हुई

## करोड़ों में नीलामी हुई काम्प्लेक्स

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुराना नगर पंचायत के सामने निर्मित जनपद पंचायत डोंगरगांव के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानों की आखिरकार नीलामी हो गई। दो बार यदाकदा कारणों से स्थगित होने के बाद 16 सितंबर को नीलामी के लिए प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम श्री कांत कोराम के मार्गदर्शन एवं सीईओ नवीन कुमार की उपस्थिति में जनपद सभागार में नीलामी की प्रक्रिया बगैर किसी व्यवधान के संपादित की गई है। नीलामी से जनपद पंचायत को लगभग एक करोड़ से अधिक की नीलामी राशि प्राप्ति हुई है। जनपद पंचायत द्वारा 2023 में जनपद के राजस्व आय के दृष्टिकोण से मेनरोड किनारे 5 दुकानों वाली शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। उक्त कॉम्प्लेक्स के दुकानों की नीलामी के लिए सामान्य सभा मे निर्णय फरवरी 2024 में प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उक्त नीलामी स्थगित हो गई थी। उपरांत अगस्त 2024 में पुन: काम्प्लेक्स के नीलामी हेतु नियमानुसार सामान्य सभा में निर्णय दैनिक समाचार पत्र में नीलामी सूचना का प्रकाशन किया गया था, हालांकि जनपद पंचायत में विपक्षी पार्टी के सदस्यों ने नीलामी दिवस राजनैतिक कारणों से विरोध जाहिर करते हुए नीलामी में विपक्ष को विश्वास में नही लेने, पर्याप्त सूचना प्रकाशन नही करने तथा सिर्फ नगर को महत्व देकर ग्रामीण किसानों को दुकान खरीदने से वंचित रखने जैसे आरोप लगाकर नीलामी बाधित कर दिया। हालांकि इसके बावजूद भी जनपद पंचायत में विपक्ष पार्टी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ही नीलामी प्रक्रिया जारी थी। अंतत: सभी 5 दुकानों के लिए राशि हेतु पृथक पृथक रसीद नही होने जैसी त्रुटि एवं बोलीदारों में संभावित टकराव के मद्देनजर नीलामी स्थगित कर दी गई थी। अब प्रत्येक दुकानों के लिए पृथक पृथक रसीद प्रदान करने के उपरांत नीलामी प्रक्रिया की गई। जानकारी मुताबिक अधिकतम बोली कि 25 फीसदी राशि जमा कराकर बाकी राशि 30 दिवस के भीतर जमा कराकर रजिस्ट्री प्रक्रिया की जावेगी। नीलामी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सदस्यगण, सहित पत्रकारगण एवं नगर व अंचल के व्यापारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**जनपद पंचायत को एक करोड़ का फायदा**

जनपद पंचायत में इस बार 5 दुकानों के लिए पृथक रसीद के स्पष्ट नियम के साथ नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई। प्रत्येक में 12,500 हजार एवं ढाई लाख आधारमूल्य के साथ दुकान क्र 01 को बोलीदार मकबूल हसन ने 25 लाख 55 हजार में खरीद ली। दुकान क्र 02 व 03 को लक्ष्मी सिंह राजपूत ने 22 लाख एक हजार एवं 21 लाख 61 हजार में खरीद ली। इसी प्रकार दुकान क्र04 व 05 को अधिकतम बोलीदार सौरभ नाहटा ने 21 लाख 75 हजार एवं 23 लाख 60 हजार में खरीद ली है।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका संवर्धन हेतु कुक्कुट शेड का भूमि पूजन किया गया

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम देवरसुर में लखपति दीदी पहल अंतर्गत स्व सहायता समूह की 10 दीदियों के आजीविका संवर्धन हेतु डीएमएफ योजना से स्वीकृत 10 कुक्कुट शेड का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने महिलाओं को मुर्गीपालन कार्य से अधिक से अधिक आय अर्जित कर अपनी आजीविका बढ़ाने हेतु उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि कुक्कुट पालन का कार्य उचित देखरेख से करते हुए अपनी आमदनी में इजाफा करें। जिससे लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पटेल, हितग्राही, ग्रामीण उपस्थित रहे।



# मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए राजनांदगांव जिले के विकासखंड की ग्राम पंचायतों हेतु मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची तैयार करने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल विकासखंड राजनांदगांव एवं डोंगरगांव अंतर्गत अपीलीय अधिकारी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.गा.क्र. 202409093800002

अ/20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमलचंद मुणोत निवासी बांसपाईपारा राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर स्थित भूमि मोहल्ला बांसपाईपारा भूखण्ड कमांक 1366/2 क्षेत्रफल 0.08 डिसमिल भूमि नजूल अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज होने से छ.ग. भू राजस्व संहिता की धारा 115-116 सहपठित धारा 32 के अंतर्गत त्रुटि सुधार किया जाकर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूखण्ड पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायलयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 30/09/2024

सील

नजूल अधिकारी राजनांदगांव छ.ग.)

**शुभांक**

**1-2-3**

**356-4 235-0**

**भाग्यांक**

**169-6 ----**

# गेंदाटोला हायर सैकेंडरी स्कूल के 7 खिलाड़ियों का चयन खो-खो में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गैंदाटोला हायर सैकेंडरी स्कूल के 7 खिलाडियों का चयन खो-खो के राज्य स्तरीय में हुआ है । ये सभी खिलाडी भारत खो-खो क्लब मातेखेड़ा के है ?। व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी हाईस्कूल जोशीलमती ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय खेल खो-खो रायगढ़ 19 सितंबर से 22 सितंबर तक होना है इसके लिए स्कूल के कु उर्मिला निषाद पिता परसराम, कु हिमांशी पिता तिलक कु चांदनी पिता लीलाराम सभी कक्षा 12वीं के विद्यार्थी हैं जो की सीनियर में खेलेंगे इस प्रकार कु सरस्वती पिता सुखीराम, कु चार्ली निषाद पिता भगवानी, कु डिगेश्वरी पिता परस राम सभी कक्षा नवमी तथा हेमराज साहू पिता खिलावन कक्षा दसवीं के विद्यार्थी हैं जो की जूनियर मे दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय में भाग लेने गए हैं बाद में इनका सिलेक्शन राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा इस साल स्कूल खेल खेल में भारत खो-खो क्लब मातेखेड़ा से कुल 13 बच्चों का राज्य स्तरीय के लिए सलेक्शन हुआ है गत वर्ष इस क्लब से 10 लोगों का राज्य स्तरीय के लिए हुआ था साथ ही दो बच्चों का राष्ट्रीय स्कूल खेल में चयन हुआ था । इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री व्ही के मंडलोई, श्री अखिलेश खरे पीटीआई, श्री ब्रह्मा देवांगन, श्री के एल साहू, श्रीमति भालाधरे, श्री एम के भंडारी, श्री हलधर चंद्रवंशी, श्री डी डी कंवर, श्री शुभम भट्ट, श्री तिलक यदु, श्री एस के भावरे साथ ही संस्था के सभी स्टाफ द्वारा इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इसी कड़ी में श्री टोमेन साहू संकुल समन्वयक, गैन्दाटोला दवारा साथ ही सभी खिलाड़ियों का कोच, राष्ट्रीय अंपायर तथा क्लब के संचालक भारत लाल कोटेलकर के द्वारा भी इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इनकी राज्य स्तरीय खो-खो में चयन होने पर इस क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।




# वार्डवार मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2024 के लिए नगरपालिकाओं की वार्डवार मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत अपीलीय अधिकारी है। इसी तरह नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया, लाल बहादुर नगर एवं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत अपर कलेक्टर श्री सीएल मार्कण्डेय को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार राजनांदगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार श्री गंगाधर राव व राकेश नागवंशी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार श्री अब्दुल वसीम सिद्दीकी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार छुरिया को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार श्री विजय कुमार साहू को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है।

# रासेयो इकाई शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर मैम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. संजय सप्तर्षि और इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे मैम के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के बाहर के जगहों को साफ - सफाई करने का निर्णय लिया गया जिसमे महाविद्यालय के एनएसएस स्वयसेवियो द्वारा महाविद्यालय के त्रिवेणी परिसर, महाविद्यालय के बाहर शीतला मंदिर के पास सफाई का अभियान चलाया गया तथा रानी सागर में डाले गए अनेक वस्तु जिसमे प्लास्टिक का मिश्रण था उसे वहा से निकाल कर अलग किया गया। और नगर पालिका वाहन के मदद से उसे सही जगह पहुंचाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों का बस यही नारा था की - आओ एक बदलाव करे, देश का कोना - कोना साफ करे। और एनएसएस के स्वयंसेवी , स्वयं से पहले आप यह मोटो लेके अपने महाविद्यालय से यह स्वच्छता कार्य का आरंभ किया। स्वच्छता सिर्फ स्वयं में नहीं, स्वयं से रखो, स्वयं के लिए रखो। रा.से. यो. के स्वयंसेवी इसी बात को अपना मार्गदर्शन मानते हुए स्वयं से कार्य शुरू करते है जो समाज को एक नई पहल, नई उम्मीद, और एक नया रास्ता देता है।

# श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दवाओं के साइड इफेक्ट पर जागरूकता सप्ताह आयोजित..

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय के अंतर्गत श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा दवाओं के साइड इफेक्ट्स पर फार्माको विजिलेंस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य दवाओं के हानिकारक प्रभाओं के प्रति जनमानस को जागरूक करना है।प्रोफेसर डॉ स्वर्णा ली दास पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा प्रति वर्ष यह जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए इंडियन फार्माकोपिया कमीशन द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डा पॉल ने बताया कि आजकल बहुत सी दवाओं के हानिकारक प्रभाव होते हैं जिसको देखते हुए चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक होता है।कई प्रकार की दवाइयों के सेवन से सिरदर्द,उल्टी,बुखार,सूजन आना, लाल चकते पड़ जाना आदि लक्षण दिखाई देते हैं।यदि समय पर इन दुष्प्रभावों को नियंत्रित नहीं किया गया तो खतरा बढ़ जाता है।इन्ही सभी बातों को लेकर यह जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। विधार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी,रैली,और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता संदेश का प्रचार प्रसार किया।विषय विशेषज्ञों नेभी विधार्थियों को व्याख्यान के जरिए विस्तृत जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने इस आयोजन के लिए प्राध्यापकों एवम विधार्थियों को बधाई दी है।



## ज्ञान मंथन

*1) बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास शांति प्रयास ढ्ढढ्ढ कहाँ आयोजित किया गया हैं?*
*2) नए संसद भवन को बनने में लगभग कितने रुपए खर्च आया है?*
*3) जनवरी 2024 में मोह-जुज भैंस लड़ाई की किस राज्य में वापसी हुई?*
*4) दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में किसने कार्य किया?*
*5) किसने दुबई में एक कॉन्सर्ट में 100 से अधिक भाषाओं में गाना गाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) काठमांडू (2) 1200 करोड़ रूपये (3) असम (4) गुलजारीलाल नंदा (5) सुचेता सतीश

## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज जनपद पंचायत मोहला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहला में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सामुदायिक भवन मोहला में स्वस्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा शिविर का आयोजन कर श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। जनपद पंचायत मोहला द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी दुकानों में स्वच्छता हेतु व्यवसायियों को प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली में पंच, सरपंच, सचिव, स्कूल शिक्षक, स्कूल के विद्यार्थी, और समूह के दीदी, महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित हुए। इसी प्रकार गत दिवस बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अम्बागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बिहरी कला में स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैली निकाला गया। रैली उपरांत ब्लैक स्पॉट स्थल की सफाई कर एक पेड़ माँ के नाम से पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं. चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं जनपद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## भूपेश के कार्यक्रम का विरोध

**सतनामी समाज व भाजपा के द्वारा काला झण्डा दिखाया जायेगा**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम - बासुला में मिनीमाता मूर्ति अनावरण के अतिथि व तिथि को लेकर गांव कि सतनामी समाज में वाद - विवाद व तनाव के स्थिति निर्मित हो गया है। समाज में मिनीमाता के मूर्ति अनावरण के लिये तिथि व अतिथि के लिये ग्राम पंचायत के द्वारा आम राय नही लिया गया है आनन-फानन में भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को 22/09/2024 दिन रविवार को मूर्ति अनावरण तिथि व अतिथि तय किया गया है जिसे लेकर सतनामी समाज के लोगों में विवाद शेष है कार्यक्रम का विरोध करने का निर्णय लिया गया है कार्यक्रम में काला झण्डा दिखाया जायेगा। चूँकि स्थानीय व क्षेत्रिय सांसद, क्षेत्रिय पूर्व विधायक, जिला पंचायत व जनपद पंचायत अध्यक्ष का नाम आमंत्रण पत्र में अतिथि नही बनाया गया है। इस कार्यक्रम में गांव बासुला में किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना घटित होता है तो संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# विघ्नहर्ता की विसर्जन झांकी के दौरान कांग्रेसी पंडाल में हुआ विघ्न उत्पन्न

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विघ्नहर्ता श्री गणेश विसर्जन झांकी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आये भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। विसर्जन झाँकी को देखने के लिए रात्रि से सुबह 8.30 बजे तक भक्तो का तांता लगा रहा। इस वर्ष 14 समितियों के द्वारा जिसमें प्रमुख रूप से आदर्श नवयुवक समिति ठेठवार पारा, स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा, गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति भगतसिंग मछली पसरा, प्रगति मंडल गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा विनर क्लब गणेश उत्सव समिति भगतसिंग चौक, तारन पिप्लेश्व 'गणेश उत्सव समिति थाना चौक, केपी व्यास गणेश उत्सव समिति कंडरापारा, व्यायारी संघ गणेश उत्सव समिति गोल बाजार, जागो युवा एकता संगठन गणेश उत्सव समिति बधियाटोला,सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालकापारा, शिवशक्ति संस्कार परिवार गणेश उत्सव समिति राधिका नगर, श्री साँई गणेश उत्सव समिति डीपरापारा, श्री बाल गणेश उतस्व समिति महावीर पारा, वीर क्लब गणेश उत्सव समिति शुक्रवारी पारा के द्वारा नयनाभिराम मनमोहक झाँकियाँ निकाली गई थी जिसकी प्रस्तुति देर रात से लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक चलती रही। तो दूसरी ओर कई सामाजिक संस्थाओ के द्वारा आने वाले भक्तो के लिए निशुल्क पेय पदार्थ, पोहा,चाय, पानी की व्यवस्था स्टॉल लगाकर निशुल्क सेवा दी गई। इसमें प्रमुख रूप से बुधवारीपारा, भंडारी चाल स्थित नपा वाचनालय व गोल बाजार में चार स्थानों पर भक्तों के लिए जलपान की मुफ्त व्यवस्था की गई थी। जिसका लुफ्त रात भर से लेकर विसर्जन तक भक्तो ने आनन्द लिया। इस वर्ष 16 समितियों के द्वारा झांकी निकाली गई थी। इन झाँकियों में शंकर व जलान्ध 'के बीच युध्द पर आधारित झांकी, मत्स्य अवतार से नरसिंग अवतार, कृष्ण लीला, देवलोक, होलिका दहन, माँ की ममता से लेकर अन्य मनमोहक झाँकियाँ गणेश समिति की द्वारा प्रस्तुत की गई। इन झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए कांग्रेस, भाजपा दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी के अलावा प्रमुख रूप माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, हनुमान भक्त, व्यपारी संघ, प्रगति मंडल, रेलवे चौक में कुल सात स्थानों पर पंडाल व मंच लगाकर निर्णायक मंडल के द्वारा उत्कृष्ट मनोरम झाँकियों को



पुरस्कृत करने के लिए विभिन्न इनामॉ की घोषणा की गई थी।

**व्यापारी संघ गोलबाजार की झाँकी को मिला प्रथम पुरुस्कार।**

श्री माँ बम्लेश्वरी मंदीर ट्रस्ट समिति के निर्णायक मंडल के द्वारा व्यापारी संघ गोलबाजार को प्रथम पुरुस्कार 15 हजार नगद व रनिंग शील्ड, दितीय पुरुस्कार श्री स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति को 11 हजार नगद व रनिंग शील्ड, तृतीय पुरुस्कार सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति को नगद 09 हजार व रनिंग शील्ड व विशेष पुरुस्कार स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित चलित झांकी ज्योत जंवारा विसर्जन, जागो युवा एकता, संगठन गणेश उत्सव तथा स्थल झांकी जेल रोड रामनगर संस्कार ग्रुप को 21-21 सौ नगद व अन्य समितियों के द्वारा जो झांकी प्रस्तुत की गई थी उन प्रत्येक समितियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 15-15 सौ रु का नगद पुरुस्कार ट्रस्ट मंडल के द्वारा प्रदान किया गया। तो दूसरी तरफ भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन के द्वारा बताया गया कि मंच पर आसीन पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर सहित भाजपा के पदाधिकारीओ व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रत्येक गणेश उत्सव समितियों को झांकी की प्रस्तुति के लिए 3100/- का पुरुस्कार प्रदान किया गया।

**कांग्रेस के मंच पर आपस में भिड़े कांग्रेसी। जमकर हुई धक्कामुक्की व गाली गलौज।**

पुलिस ने किया मामला पंजीबुद्ध।- पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया है कि कांग्रेस के द्वारा गोलबाजार स्थित फव्वारा चौक के समीप पुरुस्कार वितरण के लिए निर्णायक मंडली एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए पंडाल लगाया गया था। झांकी से संबंधित बैनर पोस्टर मंच पर लगाए गए थे इस दौरान डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे इसी बीच युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीपसिंह गहरवार अपने साथी अरशद खान व शुभम यादव के साथ कांग्रेस के मंच में पहुंचकर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष विजयराज सिंह के साथ धक्कामुक्की करते हुए गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिससे कांग्रेस के मंच में भगदड़ सा मच गया। आरोपियों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा था कि मंच के ऊपर लगाए गए बैनर पोस्टर में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का फोटो क्यों नही लगा है। जिसके कारण घंटो तक गोल बाजार में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। घटना के बाद प्रार्थी शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिंह के द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत थाने में की गई और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 499/24, 115 बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। घटना को लेकर शहर तथा कांग्रेस के संगठन कई तरह की चर्चा जोर पकड़ लिया है। चर्चाओं पर विश्वास किया जाए तो चर्चा है कि बैंनर में फोटो नहीं लगाना मात्र एक बहाना है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा पुलिस के समक्ष शराब कोचियो के विरुद्ध अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की लिखित शिकायत की गई थी जिससे आरोपीगण खार खाए बैठे थे और मौका लगते ही शहर अध्यक्ष के साथ यह घटना घटित हो गई। क्योंकि प्रार्थी शहर अध्यक्ष के द्वारा जिन आरोपियों पर मारपीट का आरोप लगाया गया है उसमें दो आरोपियों के पुलिस पहले भी आपराधिक मामले बना चुकी है। तो दूसरी ओर पुलिस अनुविभाग अधिकारी आशीष कुंजाम ने घटना की पुष्टि करते बताया कि झांकी विसर्जन की देर रात्रि कुछ और भी घटना घटी है। वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप शर्मा के द्वारा शिकायत किया गया है कि आरोपी दीपक महाचन्द्रा अपने दो अन्य साथियों के साथ गोलबाजार में रास्ता रोककर गाली गलौज और मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 500/24 धारा 115 बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर 19 सितम्बर की देर शाम युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष पर गंदी गाली गलौच धक्कामुक्की सहित मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज की गई है।

विसर्जन के दौरान कुछ और भी घटना घटने की जानकारी सामने आई है जिसमें भंडारी चाल के पास पोहा वितरण के दौरान अखबार के हॉकर को नशेड़ी युवकों के द्वारा सर में गम्भीर वार कर दिया गया जिससे युवक मौका स्थल पर ही मूर्छित हो गया व आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुँचाय गया। वहीं प्रार्थी निखलेश कोटान्गले पिता स्व राजेंद्र उम्र 23 दंतेश्वरी पारा बंशी दुकान के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पोहा लेने के दौरान आर्यन के धक्के से पोहा गिर जाने के बाद देखकर चलने की बात कहने पर आर्यन और प्रकाश नाम के लड़को ने धक्कामुक्की की व मुझे गंदी गंदी गाली गलौज कर मारपीट करते हाथ में पहने कड़े से सर पर प्रहार कर दिया जिससे मुझे सर पर गंभीर चोट के साथ तीन टाँके लगे है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# वाणिज्य के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए के के मोदी यूनिवर्सिटी द्वारा एक बूट कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यवसायिक विचार विकसित करना, ब्रांड की विशेषताएँ, लाभ और फायदे पर काम करना और ग्राहकों को लक्षित कर अधिकतम लाभ प्राप्त करना सिखाना था। विद्यार्थियों को अपने स्वयं के व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने, उनके ब्रांड की पहचान करने और अपने लक्षित ग्राहकों को परिभाषित करने के लिए कहा गया। विद्यार्थियों ने जो व्यावसायिक अवधारणाएँ प्रस्तुत कीं, वे बहुत अच्छी तरह से क्रियान्वित की गईं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने जो सीखा वह काफी प्रभावी साबित हुआ। विद्यार्थीगण नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहे। बूट कैंप



ने न केवल उनकी व्यावसायिक रणनीतियों की समझ को बढ़ाया, बल्कि उन्हें रचनात्मक और व्यावहारिक रूप से सोचने के लिए भी प्रेरित किया। यह अनुभव निस्संदेह उन्हें उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र, वाणिज्य शिक्षिका भावारानी रमेश, दीप्ति बिंदल, रिंकी भारद्वाज, वाणिज्य शिक्षक सुधीर सिंह, खेल शिक्षक नवनीत द्विवेदी ने शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संचालित करने में सहयोग प्रदान किया। शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित होने पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

## सुमति मंडल ने कलेक्टर एवम एस पी का आभार व्यक्त किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गणेश विसर्जन झांकी शांतिपूर्ण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सुमति मंडल के सदस्यो ने आज जिला कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के प्रति आभार व्यक्त किया , मंडल के सदस्यो ने उनसे मिलकर गुलदस्ता एवम श्री गणेश जी का प्रसाद भेंट किया ।



# युगांतर में अंग्रेजी की अन्तर्विद्यालयीन प्रतियोगिताएं आयोजित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के अंग्रेजी विभाग द्वारा दो दिवसीय मौखिक शोडाउन अंग्रेजी की अन्तर्विद्यालयीन प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत एक्सटेम्पोर स्पिन द यार्न और स्पेलिंग बी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमे डीपीएस, एनपीएस,अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, एनबीआईएस, गायत्री विद्यालय, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिताएं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी। नगर के विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि उन्हें इन प्रतियोगिताओं के जरिए कुछ नया सीखने को मिला। इसी तरह वे आगे भी भविष्य में ऐसी अनोखी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहेंगे। उनका यह अनुभव उनके लिए बहुत अच्छा साबित हुआ है। अन्य विद्यालयों से आए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।




प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक ( अकेडमिक्स) नरेन्द्र कोटडिया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए,जिससे बच्चों का समुचित विकास हो सके। प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी तथा विभागाध्यक्ष कंचन सोहल के मार्गदर्शन में ये प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, अंग्रेजी शिक्षिका सुषमा प्रताप, सुश्री शालिनी नायर, अंग्रेजी शिक्षक हिमांशु चौधरी, अर्पण मसीह ने सहयोग प्रदान किया। इसमें जिया अग्रवाल हेड गर्ल, विपुल सोनकुवर हेड ब्वॉय, मोनिका पाटले वाइस हेड गर्ल, निमित कोठारी वाइस हेड ब्वॉय, कृतिका, हर्ष, सारा भट्टाचार्य कल्चरल सेक्रेटरी, तान्या, प्रियांशी, नम्रता, नौशिन, साक्षात, केशव , डेविड, प्रियल, सिद्धार्थ लुनावत सहित स्टूडेंट कौन्सिल के सभी सदस्यों ने महती भूमिका निभाई।

## धर्म समाचार....

# अक्टूबर महीने में 2 राशियों पर बरसेगी मां दुर्गा की कृपा, धन से भर जाएगी तिजोरी




सनातन धर्म में नवरात्र के दौरान जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा की जाती है। साथ ही सुख समृद्धि एवं धन प्राप्ति के लिए नवरात्र का व्रत रखा जाता है। मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन और कार्य में व्याप्त सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्र की शुरुआत 03 अक्टूबर से हो रही है। 03 अक्टूबर को घटस्थापना है। शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिषियों की मानें तो 2 राशि के जातकों पर मां दुर्गा की हमेशा कृपा बरसती है। शारदीय नवरात्र के दौरान भी 2 राशि के जातक सर्वाधिक लाभान्वित होंगे। आइए, इन 2 राशियों के बारे में जानते हैं-

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के स्वामी सुखों के कारक शुक्र देव हैं और आराध्या जगत की देवी मां दुर्गा हैं। इस राशि के जातकों पर शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से वृषभ राशि के जातकों के सुखों में अपार वृद्धि होगी। साथ ही आय और सौभाग्य में भी बढ़ोतरी होगी। मां की कृपा से सभी बिगड़े काम बन जाएंगे। करियर और कारोबार को नया आयाम मिलेगा। इस राशि में चंद्र देव उच्च के होते हैं। इसके लिए मानसिक तनाव से निजात मिलेगी। धार्मिक यात्रा के योग बन सकते हैं। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। इससे मन प्रसन्नचित्त रहेगा। मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए शारदीय नवरात्र के दौरान जगत जननी आदिशक्ति की विधि-विधान से पूजा करें। इसके साथ ही पूजा के समय मां दुर्गा को लाल रंग का पुष्प, फल और पकवान अवश्य अर्पित करें।

**तुला राशि-** तुला राशि के स्वामी भी शुक्र देव हैं और आराध्य जगत की देवी मां दुर्गा हैं। इस राशि में न्याय के देवता भी उच्च के होते हैं। अत: शनिदेव की भी कृपा तुला राशि पर बरसती है। शारदीय नवरात्र के दौरान सुखों के कारक शुक्र देव तुला राशि में विराजमान रहेंगे। इससे तुला राशि के जातक लाभान्वित होंगे। मां दुर्गा की विशेष कृपा तुला राशि के जातकों पर बरसेगी। उनकी कृपा से सकल मनोरथ सिद्ध होंगे। साथ ही धन लाभ हो सकता है। अगर निवेश करने की सोच रहे हैं, तो नवरात्र का समय उत्तम है। कारोबार में भी तेजी देखने को मिल सकती है। करियर में आप अपने ऊंचे मुकाम पर पहुंच सकते हैं।

## किसी के निधन के बाद कब करना चाहिए श्राद्ध, पं. अजय पंड्या

पितृ पूर्णिमा से 16 पक्षीय श्राद्ध पक्ष का प्रारंभ बुधवार से हो रहा है। सनातन धर्म में महालय पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस समय में तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करने से जातक




के पितरों की आत्मा को शांति प्राप्त होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है, साथ ही उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। ज्योतिषाचार्य अजय पंड्या ने बताया कि वर्तमान में कुछ भ्रांतियां चली आ रही हैं। कई लोग स्वजन की मृत्यु के पश्चात प्रथम वर्ष में श्राद्ध कर देते हैं या कभी करते ही नहीं। कई लोग तीसरे वर्ष में श्राद्ध करते हैं। पारिवारिक रीति रिवाज या गलत जनकारी से वह तीसरे वर्ष में पितृ की मृत्यु तिथि को छोड़कर पूर्णिमा के दिन पितृ की आत्मा शांति के निमित्त श्राद्ध कर्म करते हैं। पं. अजय पंड्या के अनुसार, पूर्णिमा पर नहीं, तीसरे वर्ष में मृतक की पुण्यतिथि पर श्राद्ध करना ही शास्त्रोक्त है। पं. अजय पंड्या ने बताया कि पितृपक्ष हर साल शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के साथ शुरू होकर कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलते हैं। सनातन परंपरा में मृत्यु तिथि तथा पितृ पक्ष में श्राद्ध करना आवश्यक है। श्राद्ध से केवल अपनी तथा अपने पितरों की ही संतृप्ति नहीं होती, अपितु जो व्यक्ति इस प्रकार विधिपूर्वक अपने धन के अनुरूप श्राद्ध करता है, वह ब्रह्मा से लेकर घास तक समस्त प्राणियों को संतृप्त कर देता है। पितृ पक्ष में मृत व्यक्ति की जो तिथि आए, उस तिथि पर मुख्य रूप से पावर्ण, महालया श्राद्ध करने का विधान है। किसी का भी श्राद्ध आरंभ में पूर्णिमा तिथि से करना पूर्णतया गलत है।

nandgaon times sep--20-02.qxd 9/19/2024 10:23 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पुलिस की सजगता से गणेश उत्सव में अपराधों पर लगा रहा अंकुश

## सिविल प्रशासन भी पर्व के दौरान शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने रहा प्रयासरत



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर सहित जिले के 11 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान संभावित अपराधों की रोकथाम के लिए यदि पुलिस और सिविल प्रशासन गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर योजना बद्ध ढंग से काम नहीं किया होता तो अनेक अप्रिय घटनाएं अवश्य घटित होती। विशेष तौर से अनंत चौदस पर विसर्जन झांकियां निकलने की रात को गंभीर अपराध होने की संभावना बलवती थी। अपराधों की रोकथाम के लिए कई दिनों पहले से बैठक पर बैठक आयोजित करके तैयारी की जा रही थी। आखिरकार पुलिस एवं नागरिक प्रशासन को अपने प्रयासों में आशातीत सफलता मिली इसके लिए पुलिस और सिविल प्रशासन जनता की ओर से धन्यवाद के पात्र हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 07 सितंबर से 18 सितंबर तक राजनांदगांव जिले के शहर सहित ग्रामींण अंचल में गणेश पर्व पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा तीन माह पहले से ही गणेश समितियों के पदाधिकारियों से बातचीत कर तैयारियां शुरू कर दी गई थी। झांकी समितियों व गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों से झांकियों के रूट तय करने एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट के आदेशानुसार डी0जे0 साउण्ड सिस्टम पर पाबंदी लगाने के संबंध में गणेश समितियों से चार दौर में मीटिंग लेकर चर्चा किया गया था। गणेश पर्व विर्सजन झांकी के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए श्री संजय अग्रवाल जिला कलेक्टर, श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश समितियों के पदाधिकारियों गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियो, मीडिया पत्रकारों एवं व्यवसायियों का मीटिंग लेकर गणेश पर्व के दौरान सहयोग करने एवं डी0जे0 साउण्ड सिस्टम संचालको को माननीय सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करने कि अपील की गई थी। गणेश पर्व के दौरान श्री राहुल देव शर्मा, श्री मुकेश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव, श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे दल बल के साथ लगातार पेट्रोलिंग कर गणेश पंडालों वं भीड़भाड़ इलाकों तथा सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग गस्त कर लगातार स्थितियों का जायजा लेते रहे, थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, बागनदी, धुमका, सोमनी, गैंदाटोला, बोरतलाव, पुलिस चोकी



चिखली, सुरगी, मोहारा, तुमड़ीबोड़, पुलिस द्वारा लगाातार गस्त, पेट्रोलिंग व पाईट ड्यूटी में मुस्तैदी से तैनात रहकर असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखा गया था। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर गणेश पर्व व विर्सजन झांकी को देखते हुए विगत एक माह से असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशो एवं नशेडियो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट तथा धारा 170/126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्यवाही जेल भेजा गया। विर्सजन झांकी के दैरान भी चाकु लेकर घुमने वाले असमाजिक तत्वों के लिए भी अलग से टीम तैयार कर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके चलते गणेश पर्व एवं विर्सजन झांकी के दौरान पूरे राजनांदगांव जिले में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। विर्सजन झांकी के दौरान नशे के हालत में किसी भी तरह के अपराध घटित न हो इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नशे पर भी अंकुश लगाने का पूरा प्रयास किया, शहर में संचालित शराब दुकान व बार को विर्सजन झांकी निकलने के दो दिन पूर्व ही बंद करा दिया गया था तथा नशे के कारोबार में सम्मलित लोगों को भी प्रतिबंधित धाराओं में कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया था, जिसका असर विर्सजन झांकी के दिन जन समान्य को देखने को मिला। राजनांदगांव की वर्षों



पुरानी परम्परा गणेश विर्सजन झांकी को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित के निर्देश पर जिले में विगत 15 दिनों में आर्म्स एक्ट के तहत 15 लोगों के खिलाफ एवं व्यक्ति के खिलाफ नशीली टेबलेट बेचने के संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। नशे के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत 162 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्व कर कार्यवाही किया गया व 08 लोगो के खिलाफ जुआं सट्टा एक्ट के तहत तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत 37 लोगों के विरूद्व धारा 129 बीएनएसएस, धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत 112 व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर इस्तगासा पेश किया गया, धारा 3, 5, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत 03 साउण्ड सिस्टम संचालको के विरूद्व कार्यवाही किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने वाले 27 व्यक्तियों के विरूद्व कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# छुरिया विकासखण्ड के स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी

## सरकार के नियम को ताक पर रख कर समय से पहले बंद कर दिये स्कूल

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छुरिया विकासखण्ड़ के ग्रामीण स्तरों के स्कूलों में शिक्षक कर रहें हैं मनमानी अपने हिसाब से समय से पहले बंद कर छुट्टी कर दी गई स्कूलों की। और कारण पूछने पर कहते हैं कि पालकों ने कहा तो हमने छुट्टी दे दी आखिर कैसे चलेगी शिक्षकों की यह भर्राशाही। मंगलवार के दिन ग्रामीण स्तरों के स्कूल प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला बम्हनी, प्राथमिक शाला मंगियाटोला में दो बजे ही छुट्टी कर दी गई जबकि छुट्टी देने की शासन की कोई भी सूचना जारी नहीं की गई थी। मंगियाटोला के शिक्षक ने कहा कि हमने विकासखण्ड़ शिक्षा अधिकारी को जानकारी दे दी है। विकासखण्ड़ शिक्षा



अधिकारी से पूछने पर पता चला कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं हैं और इस तरह से कैसे स्कूल में छुट्टी दे सकते हैं, मैं पता लगाता हूं। इससे यह साफ तौर से पता चलता है कि मंगियाटोला के शिक्षक द्वारा झूठ बोला गया है। इसी तरह बम्हनी के शिक्षक ने कहा कि पालकों के कहने पर बंद कर दिया गया है तो क्या स्कूल को पालकों के कहने पर खोलने और बंद करने का कोई नियम सरकार के द्वारा लागू किया गया है। अब देखना यह है कि क्या विकासखण्ड़ शिक्षा अधिकारी छुरिया द्वारा इन शिक्षकों पर कोई कार्यवाही की जायेगी या फिर दिखावे के लिये नोटिस देकर मामले को रफा दफा कर दिया जायेगा।

# बाढ़ प्रभावित लोगों राहत देना हमारे फर्ज रोहित चंद्राकर





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम भंवरमरा ढोडिया भर्रगांव धामनसरा जंगलेसर मोखला ईरा धीरी सांकरा में राहत सहायता पंचायत एवं जनपद पंचायत और राज्य शासन के ओर समाग्री राहत के सुखा राशन चांवल सोयाबीन बड़ी आलू सोयाबीन तेल अन्य समाग्री वितरण किया जा रहा है जनपद पंचायत राजनांदगांव उपाध्यक्ष रोहित चंदाकर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर धामनसरा जंगलेसर सरपंच चेतन चंदाकर लाला राम निषाद वरिष्ठ जन युवाओं सहयोग से पीड़ित परिवारों दिया जा रहा है।

## गणेश समिति द्वारा हुआ लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम पुन्नी के चंदा का आयोजन

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** अंचल के समीपस्थ ग्राम बीरूटोला मे उन्नति गणेश उत्सव समिति के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी



भगवान गणेश स्थापना और विसर्जन के पावन पर्व पर बुधवार को रात्रिकालीन भव्य लोक रिकॉर्डिंग डांस संस्था पुन्नी के चंदा ग्राम चिरचारीकला का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि,ओमप्रकाश पडौती जनपद सदस्य, देव पंद्रो जनपद सदस्य, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार मंडावि सरपंच ग्राम पंचायत आयबांधा, विशेष अतिथि रमेश नांदेश्वर, गीतराम, परगनीया ग्राम पटेल, जैनुराम, नागोराव, सुकसागर, मंगल यादव, भागबलि पटेल, पन्नालाल, राम मेश्राम, इशक लाल, गौतम, धनवंतरीन बाई, कमला नांदेश्वर आशो बाई, (पंच) इंद्रावती के साथ समस्त ग्रामवासी की उपस्तिथि रही कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान् गणेश ,छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजन वंदन कर प्रारंभ किया कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ के संस्कृति की प्रस्तुति किया गया इस कार्यक्रम मे आयोजक समिति के अध्यक्ष चैनसिंग मंडावि नरेंद्र नांदेश्वर परमानंद माली, राजेंद्र, पुरुषोत्तम, घनश्याम, अजय, योगेश, हितेश, अमित नांदेश्वर, परमेश्वर, की उपस्तिथि थे।

## निषाद समाज कलेक्टर को 20 सितम्बर को सौंपेंगे ज्ञापन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के निर्देशन व जिला प्रभारी गिरधर लाल निषाद, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के नेतृत्व में कल 20 सितम्बर 2024 को प्रात: 11 बजे कलेक्टर राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा जायेगा । उक्त ज्ञापन के लिए समस्त जिला संगठन सभी पदाधिकारियों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, राजनैतिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कुछ दिन पूर्व ग्राम छरछेद तहसील कसडोल जिला बलौदा बाजार में जादू टोना के शक पर हमारे केवट परिवार के एक दूध मुही बच्ची के साथ चार व्यक्तियों की निर्मम एवं जघन्य हत्या की गई थी उसके विरोध में आप सभी जिला स्तर से माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम कलेक्टर के माध्यम से अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे । इसमें हमारा संख्या बल अधिक से अधिक हो ताकि हमारे संगठन की ताकत दिखाई दें । जिला प्रभारी प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, व जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद ने जिला संगठन के समस्त पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रात: 11 बजे राजनांदगांव कलेक्टर आफिस में आने की अपील की है।

# विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में स. शि. मं. डोंगरगांव का वर्चस्व

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता डोंगरगढ़ व विज्ञान मेला बेमेतरा में भैया बहिनों ने विद्यालय से प्रतिभागी अपना जौहर दिखाने विभाग स्तरीय खेल व विज्ञान मेला में क्रमश: डोंगरगढ़ व बेमेतरा में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। क्रीड़ा प्रतियोगिता में -14 में बहिन हिमांशी - 100द्व, 200द्व व लम्बी कूद में प्रथम, बहिन देविका -400द्व में प्रथम -17 में बहिन दीपिका सहारे ऊँची कूद व 400द्व बाधा दौड़ में प्रथम, बहिन लक्ष्मी भाला में द्वितीय, भैया दीपांशु रजक 3000द्व में प्रथम व 1500द्व में द्वितीय, भैया रूद्र तारगोला में प्रथम,भैया चैतन्य पटेल 100द्व, 200द्व व लम्बी कूद में प्रथम -19 में बहिन भावना सोनी 3000द्व व 1500द्व में द्वितीय बहिन हेमलता 400 द्व बाधा दौड़ में द्वितीय, बहिन निशा भाला में द्वितीय, बहिन दिव्या 800द्व में द्वितीय, भैया कोमल 200द्व में द्वितीय भैया तुषार तारगोला में द्वितीय -17 बहिन वर्ग 4*100 व 4*400 रिले में द्वितीय भैया 4*400 रिले में द्वितीय, -19 भैया बहिनों ने 4*400 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त भैया बहिन प्रान्त स्तरीय



प्रतियोगिता हेतु खेल परिसर कोनी के लिए 22 सितंबर को रवाना होंगे।

**बेमेतरा में आयोजित विभाग स्तरीय विज्ञान मेला**- विभाग स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन बेमेतरा में हुआ। विगत वर्षो से हमारे विज्ञान विभाग प्रभारी आचार्य केशव पटेल के मार्ग-दर्शन में भैया वर्ग से -14/17 व 19 के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने बेमेतरा पहुंचे, जहाँ सभी वर्गों के भैया ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया जिसमे विज्ञान प्रदर्श (मॉडल ) में तरुण वर्ग से भैया गुलेश पटेल प्रथम स्थान, विज्ञान प्रदर्श बाल वर्ग से टुकेश कुमार देवांगन प्रथम स्थान विज्ञान प्रश्नोत्तरी बाल वर्ग से भैया ध्रुव कुमार साहू , भैया गुलेंद्र कुमार साहू , भैया आशीष कुमार प्रथम स्थान विज्ञान प्रश्नोत्तरी किशोर वर्ग से भैया संकल्प वैष्णव, भैया रोहित पटेल , भैया वरुण कुमार साहू तृतीय स्थान प्राप्त किए । भैया बहिनों के इस गौरवशाली क्षण के लिए प्रतिभागियों को सफलता हेतु शुभकामनायें प्रेषित करते हुए विद्यालय के समिति सदस्य सेवा राम पटेल ने पुरस्कार वितरण कर आशीर्वाद दी। भैया बहिनों के सफलता पर विद्यालय परिवार ने बधाई शुभकामनायें दी है।

## महतारी वंदना महिला एफपीओ, गोटाटोला में सीईओ पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** महतारी वंदना महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड गोटाटोला मोहला के व्यवसाय प्रबंधन नेतृत्व समीक्षा विश्रीय मामलों की देखरेख एवं निगरानी हेतु सीईओ का चयन किया जाना है। जिस हेतु आवेदन/बायोडाटा आमंत्रित है। यह भर्ती पूर्णत: अस्थायी रूप से की जावेगी। तथा पूर्णत: एफपीओ के अधीन होगी इसका किसी भी शासकीय, अद्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है। आवेदन की अंतिम तिथि 04 अक्टुबर 2024 तक पता - महतारी वंदना महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड गोटाटोला, विकासखण्ड मोहला, जिला - मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.), पिन - 491666 में केवल ऑफलाईन माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। शैक्षणिक योग्यता शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक या बीबीए या समकक्ष। अन्य योग्यता हिन्दी अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान के साथ ही कम्प्यूटर लेखा एवं डाटा प्रबंधन आयु सीमा 01.01.2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो। मानदेय मासिक एकमुश्त 15000/- से 25000/- प्रतिमाह बी.ओ.डी. सदस्यों के अनुमोदन उपरान्त।

# सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत कार्यालय आयोजित की रक्तदान शिविर

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत छुरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 19.09.2024 को किया गया। इस कार्यालय में अनेक ग्रामों से जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आमजनों के द्वारा बढ-चढ़ कर रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर जनपद पंचायत छुरिया के जनप्रतिनिधि के द्वारा भी रक्तदान किया गया। प्रधानमंत्री जी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से प्रभावित लोगों में रक्तदान के प्रति काफी जागरूकता दिखाई दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामजी भारती भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेंश पटेल, अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव, विशेष अतिथि श्रीमती गीता साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, एम.डी.ठाकुर वरिष्ठ नेता, रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा महामंत्री, मूलचंद लोधी जिला संयोजक, महेन्द्र वैष्णव, हिरेंद साहू, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत, एकांत चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत, जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी साहू, भुपेन्द नायक, देवारू मालेकर, बोधन साहू मंडल अध्यक्ष कुमर्दा, रोमी भाटिया, चित्रांगन साहू, रघुवीर वाधवा, अनिरूद्ध चंद्राकर, आलोक मिश्रा, खेमचंद



साहू नागेश यदु, कांतीलाल साहू हिरेन्द्र साहू राधेश्याम शर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामजी भारती ने कहा कि मोदी जी के सेवा भावना से हम सब भारतवासी ओतप्रोत है। मोदी के विकसित भारत के संकल्पों के लेकर हम सब सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा भाव से रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, विद्यालयों की साफ सफाई, साथ-साथ आमलोगों में जागरूकता लाने मोदी जी के मिशन में आगे बढ़ रहे है। साथ ही गीता साहू एवं मूलचंद लोधी ने भी संबोधित किया।इस कार्यक्रम के स्वागत भाषण में जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव व जनपद सी.ई.ओ शिल्पा देवांगन ने किया आभार व्यक्त। उपरोक्त शिविर में रक्तदान करने वाले प्रमुख रूप से रविन्द्र वैष्णव, एकांत चंद्राकर, हिरेन्द्र साहू, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, मनीष त्रिपाठी, बोधन साहू, मनोज साहू, हिरेन्द साहू, भगवानदास साहू, गायत्री चंद्रवंशी, सहित 59 लोगों के द्वारा रक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में मयाराम साहू, धन्ना यादव, नैनसिंह पटेल, अशोक मरकाम, मनीष त्रिपाठी, शिशुपाल साहू, हनीफ कुरैशी, पदमभूषण साहू, खिलेन्द्र साहू, दिनदयाल साहू, सुमित मंडावी, नूनकरण भुआर्य मालती उइके, संगीता यादव, बेलाबाई साहू द्रोपती उइके, ओमप्रकाश साहू, दिग्विजय साहू, विष्णुसाहू, कौशल चंद्रवंशी, दिग्विजय मिश्रा, अनंत निवारी, राजकुमार सिन्हा, कुंदन बड़ोले, महेश साहू, मुकेश साहू, नवीन साहू, तीजूसाहू, प्रीतम साहू, अशोक सेन,उमेश भगत बी.एम.ओ . सी.डी.पी.ओं. कमलवती मरकाम, जनपद पंचायत के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com